www.kidsworship.kr

4Page

5Page

6Page

7Page



8Page

शीर्षक: निर्माण

- 1st Story -

वाचक शुरुआत में धरती बहुत अंधेरी और खाली थी। कहीं भी कुछ नहीं था। सिर्फ परमेश्वर कि उपस्थिति थी। एक दिन परमेश्वर ने कहा।

परमेश्वर “यहाँ रोशनी हो”।

वाचक पूरी दुनिया में एक तेज रोशनी चमक उठी। परमेश्वर ने देखा कि रोशनी अच्छी है तो उन्होंने रोशनी को दिन और अन्धियारे को रात का नाम दिया। इस प्रकार पहला दिन हो गया। दूसरे दिन परमेश्वर ने फिर से कहा।

परमेश्वर आकाश और जल हो।

वाचक और इस तरह आकाश और जल की उत्पत्ति हुई और वह बहुत सुंदर थे। तीसरे दिन परमेश्वर ने जल को एक जगह पर इकट्ठा किया और जमीन को सूखने दिया। परमेश्वर ने सुगंधित और सुंदर फूल के साथ हरे-भरे पेड़ों को बढ़ने दिया। तब परमेश्वरने देखा कि सब अच्छा है।

वाचक चौथे दिन परमेश्वर ने कहा:

परमेश्वर “ चांद तारे और सूरज आकाश में प्रकट हो”।

वाचक और इसलिए सुबह में सूरज उठा और तेजी से चमके, ओर रात में चांद और तारे सुंदर से चमक रहे थे। परमेश्वर की सृष्टि बहुत सुंदर थी। पाँचवें दिन, परमेश्वर ने कहा:

परमेश्वर “ पक्षियाँ आकाश में उड़े और जल, जीवित जन्तुओ से भर जाए”।

वाचक इस तरह सुंदर पक्षियाँ आकाश में उड़ने लगे और नदी, समुंदर बहुत सारे मछली और अन्य जीवों से भर उठे। छठे दिन, परमेश्वर ने पृथ्वी पर जीवित प्राणियों का सृजन किया।

परमेश्वर “ पृथ्वी जीवित प्राणी उत्पन्न करे”।

वाचक और इस तरह सारे जीवित प्राणियों को उनके अनुसार बनाया गया। वड़े और शक्तिशाली हाथी से शुरू करके

छोटे और बुद्धिमान खरगोश और साहसी बाघ तक बहुत सारे भिन्न प्रकार के प्राणी। सब ने परमेश्वर की प्रशंसा की। परमेश्वर बहुत आनंदित हुए।

अंत में, परमेश्वर ने मनुष्य को अपने स्वरूप में बनाया। उन्होंने मनुष्य को मिट्टी से रचा और उनके नाक में जीवन की सांस फूंक दी और वह मनुष्य जीवित हो उठा। यह पहला मनुष्य था " आदम "। परमेश्वर ने उससे कहा:

परमेश्वर फूलों फलो और पृथ्वी मैं भर जाओ; समुंदर की मछलियाँ, आकाश के पक्षियों और पृथ्वी पर चलने फिरने वाले प्रत्येक जीव-जंतु पर अधिकार करो।

.....

वाचक सातवें दिन पे परमेश्वर ने अपना काम खत्म किया था और उसी दिन परमेश्वर ने विश्राम लिया। उन्होंने सातवें दिन को आशीर्वाद करके उस दिन को पवित्र किया। इसलिए हम भी परमेश्वर के संतान होने के कारण सातवें दिन को विश्राम लेंगे और परमेश्वर के लिए इसे एक पवित्र दिन ठहराएंगे।